## संक्षिप्त

### प्राणघातक हमले में युवक घायल

**उदयपुर, (कासं)।** पेट्रोल पंप से लौटते समय युवक पर कार में सवार बदमाशों ने प्राणघातक हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार पीडित लेखराल नकवाल निवासी कच्ची बस्ती भोपामगरी सेक्टर 3 ने हिरणमगरी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 2 जुलाई रात में परिचित ने फोन कर बताया कि मेरा पुत्र हरीश नकवाल हिरणमगरी सेक्टर 3 स्थित पेट्रोलपंप से गाडी में पेट्रोल लेकर निकला। इसी दौरान पीछे से आए वाहन ने उसे टक्कर मार नीचेगिरा दिया। इस दौरान दूसरे वाहन में आए रितिक चौहान, प्रवीण सालवी, विक्की, रिषभ गुर्जर सहित अन्य बदमाशों ने पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुन बीच बचाव में लोगों के आने पर हमलावर फरार हो गए। घर से मौके पर पहुंच पुत्र को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

### बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** कन्हैया हत्याकांड पर रिलीज होने वाली फिल्म प्रसारण से रोकने का संदेश वायरल करने वाले बदमाशों के खिलाफ सूरजपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। शहर के सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह ने सैय्यद हाफिज पुत्र सैय्यद ईरशाद निवासी गोसिया कॉलोनी किशनपोल, शराफत खान पुत्र सैयद खान शेख निवासी गोसिया कॉलोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि इंस्टाग्राम आईडी पर डीजे बबलू234यूजर नेम द्वारा इंस्टाग्राम उदयपुर फाईल्स कन्हैयालाल टेलर मर्डर नाम की फिल्म को बायकट करने के संबंध में स्टोरी शेयर की गई। जिस पर लिखा कि इसे नबी पाक की शान में गुस्ताखी करने जा रही है। ये फिल्म ईस सिनेमा पर लगाने से रोकों सब मुस्लिम एक साथ हो जाओ मैसेज लिखा हुआ था। उक्त संदेश से शहर में अशांति होने की संभावना के चलते प्रकरण दर्ज किया।


### शास्त्रीय संगीत व मल्हार 26 से

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा 26 एवं 27 जुलाई को दर्पण सभागार, शिल्पग्राम में मल्हार् उत्सव का आयोजन किया जाएगा। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि मानसून की रिमझिम के साथ स्वर लहरियों का गूंजन और घुंघरुओं की झंकार से माहौल को उत्सवमय करता मल्हार उत्सव विगत वर्षो से काफी लोकप्रिय हो चुका है। इस वर्ष भी देश के ख्यात नाम कलाकार शास्त्रीय संगीत और नृत्यों की उम्दा प्रस्तुतियों से मल्हार को अविस्मरणीय बनायेंगे। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई की शाम सात बजे मुजफ्फर रहमान द्वारा ताल वाद्य कचहरी की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी इसके बाद माया कुलश्रेष्ठ के दल द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत होगा। पं. सुभाष घोष द्वारा स्वर रागिनी वाद्य यंत्र की प्रस्तुति होगी। स्वर रागिनी की प्रस्तुति के बाद वाणी माधव के दल द्वारा ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### कृषक संवाद व बैठक 15 को

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर. चौधरी 15 जुलाई को उदयपुर आएंगे। संयुक्त निदेशक कृषि सुधीर वर्मा ने बताया कि किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी 15 जुलाई को सुबह 10 बजे प्रतापनगर स्थित विभाग के आत्मा सभागार में समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 12 बजे नगर निगम के सुखाडिया रंगमंच सभागार में कृषक संवाद कार्यक्रम होगा।

# जनहित के मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा, विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश



जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख ममता कुंवर पंवार की अध्यक्षता में हुई।

■ जिला कलक्टर ने रोडवेज बस चालकों को निर्धारित बस स्टेशन पर बस रोकने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिला परिषद की साधारण सभा बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख ममता कुंवर पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, मावली विधायक पुष्करलाल डांगी, धरियावद विधायक थावरचंद मीणा, जिला कलक्टर नमित मेहता, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली सहित जिला परिषद के सदस्यगण और विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का प्रारंभ चिकित्सा विभाग पर चर्चा के साथ हुआ। वल्लभनगर में सीएचसी निर्माण सामग्री गुणवत्तापूर्ण नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। इस पर जिला प्रमुख ने प्रधान को साथ लेकर जांच करवाने के निर्देश दिए। भिंडर, वल्लभनगर, मावली सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में चिकित्सकों के नहीं ठहरने का मुद्दा उठाया। इस पर सीईओ जिला परिषद ने सीएमएचओ को चिकित्सकों को रात्रि में रूकने के लिए पाबंद करवाने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा के दौरान ऋषभदेव क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा ट्रांसफर लगाने के बदले उपभोक्ताओं से 10-15 हजार रुपये वसूलने की शिकायत पर जांच के निर्देश दिए गए। जिला प्रमुख ने ग्रामीण क्षेत्रों में झुके हुए बिजली के खंभों का सर्वे करवाने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। विधायक फूलसिंह मीणा ने बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने पर कार्रवाई की मांग की। जीएसएस पर ठेकेदार के कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने का मुद्दा भी उठाया गया, जिस पर कलक्टर ने ठेकेदार से टेंडर की शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी, रसद, शिक्षा, खान, परिवहन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज आदि विभागों से जुडे जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत समिति गिर्वा में राउप्रावि सुराणा, ग्राम पंचायत बछार को 18 हजार 292 वर्ग फीट, पंचायत समिति मावली के अंतर्गत राउप्रावि खरवड़ों का गुढ़ा, ग्राम पंचायत मांगथला को 48 हजार 500 वर्ग फीट भूमि का नि:शुल्क पट्टा जारी करने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलक्टर नमित मेहता ने डीएमएफटी के तहत स्वीकृत कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग पर चर्चा के दौरान वल्लभनगर प्रधान ने बीज वितरण की जांच करवाने की मांग की।कलक्टर ने बीज वितरण की लिस्ट जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

रोडवेज बसों के बस स्टेशन पर ठहराव की मांग की, जिस पर जिला कलक्टर ने रोडवेज बस चालकों को निर्धारित बस स्टेशन पर बस रोकने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अगली बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विभाग डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की निदेशक प्रोफेसर मंजू माण्डोत ने बताया की विभाग के बीसीए, एमसीए, एमएससी, पीजीडीसीए में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु एक दिवसीय शेक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमे उन्हें द उदयपुर सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड ले जाया गया। भ्रमण का उद्देश्य विधार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में उपयोग होने वाली तकनिकी प्रणालियों और प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। विधार्थियों ने बैंक के आईटी विभाग की कार्यप्रणाली को देखा और समझा। भ्रमण के दौरान जिज्ञाशु विधार्थियों ने अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजन चौबे, बैंक की प्रबंध निदेशक मेहजबीन बानो, के. एल. शर्मा, आशुतोष भट्ट, मीना नेभनानी से विभिन्न प्रश्न पूछे और अपने संदेहों का समाधान किया। उक्त भ्रमण में विधार्थियों के साथ संकाय सदस्य डॉ. भरत सुखवाल और डॉ. दिलीप चौधरी शामिल हुए। यह भ्रमण विधार्थियों के लिए एक अदितीय अनुभव रहा, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया में सुचना प्रोद्योगिकी तकनिकी के अनुप्रयोग की समझ मिली। इससे उन्हें अपने भविष्य के कैरियर निर्माण के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

### पीएमसीएच ने कमजोर बच्चे को दी राहत



**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के हाथीपोल निवासी 12 वर्षीय मोहम्मद अली, जो जन्म से ही सुनने और बोलने में अक्षम था, अब सामान्य बच्चों की तरह सुन और बोल सकता है। यह संभव हो पाया 2017 में पेसिफिक हॉस्पिटल, भीलो का बेदला स्थित ईएनटी विभाग द्वारा किए गए निशुल्क कॉकलियर इम्पलांट की बदौलत। कॉकलियर इम्पलांट के बाद मोहम्मद अली की ज़िंदगी बदल गई थी। लेकिन मई 2025 में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में उसके कान के बाहर लगे डिवाइस का प्रोसेसर गिरकर खराब हो गया, और परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे उसका नया प्रोसेसर खरीद सकें। ऐसे में पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रोसेसर को निशुल्क बदलवाने की व्यवस्था की, जिससे बच्चा दोबारा सुनने और बोलने में सक्षम हो सका। इस प्रयास से न केवल मोहम्मद अली की मुस्कान लौट आई, बल्कि परिवार को भी बडी राहत मिली। इस प्रक्रिया में ईएनटी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.ऋचा गुप्ता एवं डॉ.एस.एस. कौशिक का भी विशेष योगदान रहा। दोनों चिकित्सकों ने तकनीकी विशेषज्ञता से यह सुनिश्चित किया कि प्रोसेसर सही ढंग से काम करे और बच्चा पुन: सामान्य जीवन जी सके। इस दौरान पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने कहा कि कोई भी बच्चा केवल बहरापन के कारण मूक-बधिर न रहे। हम हर संभव सहायता देने को तैयार हैं। कॉकलियर इम्पलांट ऐसे बच्चों के लिए आशा की किरण है, जिनकी ज़िंदगी केवल एक उपकरण से सामान्य बन सकती है। गौरतलब है कि पेसिफिक हॉस्पिटल, उदयपुर स्थित ईएनटी विभाग ने अब तक 75 से अधिक कॉकलियर इम्पलांट करके बच्चों को सुनने और बोलने की शक्ति प्रदान की है।

### पंच गौरव कार्ययोजना को लेकर बैठक

**उदयपुर, (कासं)** पंच गौरव योजना के तहत तैयार की जा रही विस्तृत कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार शाम को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। प्रारंभ में संयुक्त निदेशक सांख्यिकी एवं पंच गौरव नोडल अधिकारी पुनीत शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए विभागों की ओर से प्रस्तुत कार्ययोजना की जानकारी दी। इसमें एक जिला एक गंतव्य के तहत फतहसागर व पिछोला झील, एक उत्पाद के तहत मार्बल व ग्रेनाइट उत्पाद, एक खेल के तहत तैराकी, एक प्रजाति के तहत महुआ तथा एक उपज के तहत सीताफल को लेकर विभाग स्तर पर तैयार कार्ययोजना की जानकारी दी। जिला कलक्टर मेहता ने बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फतहसागर एवं पिछोला झीलों को ओर अधिक सुंदर बनाने, पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विस्तार आदि को लेकर निर्देशित किया। एक जिला एक उत्पाद के तहत मार्बल व ग्रेनाइट के आर्टिजन प्रशिक्षण आयोजित कराने, पंच गौरव पार्क एवं पंच गौरव सर्किल विकसित किए जाने, सीताफल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहन, प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था करने, प्रोसेसिंग युनिट स्थापित किए जाने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, युडीए अधीक्षण अभियंता अनिक माथुर, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, उप वन संरक्षक मुकेश सैनी, उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना, उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकांत शर्मा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, राजीविका प्रबंधक ख्यालीलाल खटीक आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर किया प्रदर्शन



उदयपुर में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर जिला कलेक्टेट्र पर प्रदर्शन किया।

**उदयपुर, (कासं)।** अधिवक्ता समूह पर पिछले कुछ दिनों में लगातार हमलो के विरोध शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार हंगामा किया और पुलिस महकमें के खिलाफ हल्ला बोला।

अधिवक्ता सर्वप्रथम कोर्ट परिसर में इकठ्ठा हुए उसके बाद अधिवक्ता रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर पहुंचे लेकिन यहां पर अधिवक्ता बाहर प्रदर्शन करने की बजाय अंदर घुस गए और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो अधिवक्ताओं ओर पुलिस के बीच धक्का मुक्की हो गई। इसके बावजूद अधिवक्ताओं ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में घुसने का प्रयास किया लेकिन जब उन्हें नहीं जाने दिया तो अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।उदयपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह शक्तावत ने बताया कि पिछले एक माह में वकीलों के साथ 3 से 4 घटनाएं हो चुकी है जिसमें महिला अधिवक्ता के साथ मारपीट व दुष्कर्म का मामला भी शामिल है। इसके अलावा बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव रामलाल जाट पर अभियुक्तों ने जानलेवा हमला कर दिया जिसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज है। इसके बावजूद अभी तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है।

# प्रमुख शासन सचिव ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण



चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करती चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़।

■ स्टेट रिव्यू मिशन के तहत टीमों ने किया दौरा

**उदयपुर, (कासं)।** स्टेट रिव्यू मिशन के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ 10 टीमों के साथ उदयपुर पहुंची। श्रीमती राठौड़ ने शुक्रवार को उदयपुर जिले में स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान राज्य स्तर से आई टीमों ने भी अलग-अलग संस्थानों पर पहुंच कर चेकलिस्ट के अनुसार सघन निरीक्षण किया। प्रमुख शासन सचिव राठौड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक उदयपुर संभाग डॉ प्रकाश चंद्र शर्मा, उपनिदेशक डॉ पंकज गौड़, सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विक्रम सिंह, आरसीएचओ डॉ राकेश गुप्ता, डीपीएम सदाकत अहमद उपस्थित रहे। सीएचसी नाई के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ मीठा लाल मीणा ने सभी का स्वागत करते हुए निरीक्षण करवाया। प्रमुख शासन सचिव ने ओपीडी, डीडीसी, जनरल वार्ड, प्रसूता महिला वार्ड एवं ओपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया और लेबर रूम एवं पूरे अस्पताल की साफ-सफाई की सराहना की। उपस्थित मरीजों से वार्तालाप कर सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ली। अस्पताल में दी जा रही निशुल्क दवा योजना और निशुल्क जांच योजना की जानकारी ली।

सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि प्रमुख शासन सचिव महोदया वहां से झाडोल के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र मगवास पहुंची सीएचओ और एएनएम से उपलब्ध योजनाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। श्रीमती राठौड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलासिया के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटडा के निरीक्षण में साफ सफाई और अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सुधार करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ आदित्य ने बताया कि प्रमुख शासन सचिव सहित राज्य स्तर से आयी अन्य टीमों ने अलग अलग क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया। शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में इससे संबंधित समीक्षा बैठक होगी।

# लोक मंडली कार्यशाला में 100 से अधिक लोक कलाकारों ने लिया भाग



लोक मंडली कार्यशाला में लोक कलाकारों ने भाग लिया।

**उदयपुर, ।** तीन दिवसीय राज्य स्तरीय लोक मंडली कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली, राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, जयपुर तथा मोहनलाल सुखाडिया विवि के रेड रिबन क्लब उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस लोक मंडली कार्यशाला में प्रदेशभर से लोक कलाओं में निपुण 100 से अधिक लोक कलाकारों ने भाग लिया। इसमें ख्याल, कठपुतली, नुक्कड नाटक, जत्था कला, जादू, लोक नृत्य आदि विधाओं के कलाकार सम्मिलित हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स एवं एसटीआई (यौन संचारित संक्रमण) के प्रति लोक कला के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना था, ताकि आमजन को इन बीमारियों से संबंधित जानकारी एवं उनके निदानात्मक उपायों से अवगत कराया जा सके। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन एवं राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढेगी।

प्रो. मिश्रा ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर अधिकांश लोग ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं, जहां लोक कला एक प्रभावी माध्यम बन सकती है। लोक कलाओं के माध्यम से दी गई जानकारी का प्रभाव गहरा होता है। राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, जयपुर द्वारा इस अभियान को लोक कला के माध्यम से संचालित करना एक सराहनीय कदम है। रेड रिबन क्लब, मोहनलाल सुखाडिया विवि के समन्वयक डॉ. पी. एस. राजपूत ने बताया कि यह आयोजन एचआईवी/एड्स एवं एसटीआई के प्रति जागरूकता फैलाने तथा लोककलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने भाग लिया।

# 'प्रजातंत्र का मखौल उठाया जा रहा है'

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान प्रदेश में प्रजातंत्र का मखौल उडाया जा रहा है। जब भाजपा की सरकार चाहती है तब चुनाव होगें न तो सविधान को मानने को तैयार है और न ही संविधान के अनुसार प्रदेश में कोई कार्य हो रहा है केवल और केवल प्रदेश की भाजपा सरकार तानाशाही रवैये पर कार्य कर रही है इससे प्रदेश की जनता बहुत दुखी है।

यह बात उदयपुर और डूंगरपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर मीडिया से संक्षिप्त मुलाकात में कही।उनके साथ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद थे। महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए प्रदेश की भजनलाल सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। प्रदेश में सरकार को डेढ साल से अधिक का समय हो गया है लेकिन एक भी वादा अभी तक पूरा नहीं किया है। भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आई है और उन्होंने बजरी चोरी,एसआई भर्ती घोटाला सहित अन्य सभी मुद्दों पर सरकार पूरी तरह से फेल रही है। उन्होंने कहा कि एसआई भर्ती को चुनाव से पहले रद्द करने का वादा किया जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में पंचायत और निकाय के चुनाव एक साल पहले ही हो जाने चाहिए थे लेकिन वन स्टेट वन इलेक्शन के नाम पर इतना समय बीत जाने के बाद भी अभी तक चुनाव का नाम नहीं लिया जा रहा है। चुनाव कब होगें किसी को पता नहीं है सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। सरकार ने प्रशासक लगाकर संविधान का उल्लघंन किया है। डोटासरा ने भाजपा से पूछा कि क्या वे देश के चुनाव भी इसी तरह करवाना चाहते है। वन नेशन वन इलेक्शन की बात कर रहे है लेकिन लगता है कि राष्ट्रपति शासन लगाकर किसी स्टेट के चुनाव के साथ देश के चुनाव करवाकर भाजपा इतिश्री करना चाहती है।

## मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के ऋषभदेव थाना पुलिस ने महिला द्वारा आत्महत्या करने पर उसके पति व ससुराल जनों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षेत्र पीपली बी निवासी मीरा पत्नी निलेश कुमार ने अपने मकान में फांसी लगा ली थी।

**आम-सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.)के पत्र RJ/24/SEAC2(6)/MIN/R.EC/0392/Cat.B2/2024-25 Jaipur दिनांक 22/01/2025 द्वारा श्री देवी लाल कुमावत, एम.एल.नम्बर 94/1988, एरिया 1.00 हेक्टर, वास्ते खनिजमार्बल, निकटग्रामसापोल ,तहसील एवं जिला राजसमंद के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

# 'बूथ स्तर तक काम करना होगा'

■ उदयपुर संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को सुखाड़िया रंगमंच टाऊन हाल नगर निगम प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उदयपुर शहर,उदयपुर देहात, चित्तौड़गढ़,राजसमंद एवं बांसवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षए ब्लॉक अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरपर्सन पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने देश का सिर विश्व के सामने झुका दिया है। वैश्विक स्तर पर कांग्रेस ने हमेशा देश का सिर गर्व से ऊंचा किया था लेकिन मोदी सरकार इसमें विफल रही है। पिछले एक साल में हमारे नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को कई बार यू टर्न करवा दिया है। जातीय जनगणना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी ऋत्विक मकवाना ने कहा कि आज आप सभी का जोश देखकर लगता है कि राजस्थान में आने वाले विधानसभा चुनाव में उदयपुर संभाग में कांग्रेस बड़ी जीत हासिल करेगी। हम सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हर बूथ तक जाना होगा और सभी से समन्वय कर कांग्रेस को मजबूत करना होगा। आने वाले समय में उदयपुर संभाग के जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देकर कांग्रेस को मेवाड़ में मजबूत किया जाएगा।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली ने कहा कि आज मेवाड़ ने आप सभी का उत्साह देखकर यह निश्चित हो गया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस आ रही है। आज देश में क्या हो रहा है है ये आप सभी के सामने है। विश्व पटल पर मोदी सरकार ने देश को कमजोर करने का प्रयास किया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि संगठन में हमको सबको काम करना होगा जो भी कार्यकर्ता संगठन में गंभीरता से काम नहीं करेगा उसको समय पर सोचना होगा। प्रदेश हो या जिला हम सभी को काम तो करना होगा। और अगर हम भी काम नहीं करेंगे तो पार्टी दूसरे को मौका देगी। इसीलिए हमें बूथ स्तर तक काम करना होगा। कांग्रेस कार्यकर्ता को वोटर लिस्ट को भी ठीक से देखना होगा। और समय समय पर हमें जनता के बीच में जाकर उनके सुख दुख में साथ रहना होगा। हमें राजस्थान की पर्ची सरकार की नाकामियों को उजागर करना होगा। जिससे कि आम जनता को कांग्रेस और भाजपा में अंतर दिखाई देगा। राजस्थान में सरकार नहीं सर्कस चल रहा है। पिछले डेढ़ साल से पोपा भाई का राज चल रहा है। मंत्रियों की मुख्यमंत्री नहीं सुन रहा है, भाजपा विधायक की मंत्री नहीं सुन रहे है। भाजपा कार्यकर्ताओं की उनके विधायक नहीं सुन रहे है।

अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि जब तक हम हमारे ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष को मजबूत नहीं करेंगे तक तक जमीनी स्तर तक कांग्रेस मजबूत नहीं हो पाएगी। संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ गिरिजा व्यास के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## सालों पुरानी समस्या का हाथों-हाथ हुआ समाधान

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में आमेट पंचायत समिति की झौर ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और वर्षों से लंबित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह, विकास अधिकारी गुलाबसिंह गुर्जर, समाजसेवी माधव जाट सहित विभागीय अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अधिकांश समस्याओं का त्वरित समाधान करवा दिया। कई ऐसी समस्याएं जो वर्षों से लंबित थीं, उनका भी निस्तारण एक ही दिन में हो सका। चौपाल में बिजली, पानी, सडक, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य सुरक्षा सहित अनेक जनकल्याणकारी विषयों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रात्रि चौपाल के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला और समाधान भी तत्काल मिला।विकास अधिकारी ने बताया कि रात्रि चौपाल में हीरालाल पुत्र मांगीलाल जाट आवासीय पट्टे की दरख्वास्त लेकर पहुंचा, जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही समस्या का समाधान करते हुए रात्रि चौपाल समाप्त होने से पहले ही उसे पट्टा सौंप दिया।

**BLOCK DEVELOPMENT OFFICE**
**PANCHAYAT SAMITI**
**DEVOGARH, DIST.RAJSMAND**

S.No./E-TENDER/2025-26/305 DATE:13-06-2025

**E-TENDER NOTICE-05/2025-26**

E-Tender Notice are invited for Verious work Rate Contract Detail about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving Date Etc. Other Particulars of the bid may be visited on the State Public Procurement Portal Http://sppp.raj. gov.in Procurement Portal http://eprocure.gov.in of the State

UBN NO- ZRR2526WSRC00360 NIB CODE- ZRR2526A0195

**Block Development Officer**
**Panchayat Samiti Devogarh**

